प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- इंडिया–एआई इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 नई दिल्ली के भारत मंडपम में जारी– केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज दो राष्ट्रीय पहलों की करेंगे शुरूआत।
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन–सदन में आरडीजी पर चर्चा रहेगी जारी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–प्रदेश सरकार चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री व उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने पर उठा रही विशेष कदम।
- बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए मंडी जिला में 23 फरवरी तक *"स्मार्ट मीटर पखवाड़ा"* का आयोजन।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट–दूसरा दिन

इंडिया–एआई इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 नई दिल्ली के भारत मंडपम में जारी है। पांच दिवसीय यह सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। इस आयोजन में बीस देशों के नेता भाग ले रहे हैं। इस बीच स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में आयोजित भारत ए.आई इम्पैक्ट सम्मेलन में दो राष्ट्रीय पहलों की शुरूआत करेंगे। इन पहलों में भारत में स्वास्थ्य सेवा में ए.आई के लिए रणनीति–एस.ए.एच.आई और स्वास्थ्य एआई के लिए बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म–बीओडीएच शामिल हैं।

विधानसभा बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ सुबह 11 बजे शुरू होगी। सदन में प्रश्नकाल के अवाला अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन आज सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी, जिसमें लोक निर्माण, जलशक्ति, स्वास्थ्य, और बागवानी विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए जाएंगे। सदन में आरडीजी पर चर्चा आज भी जारी रहेगी। विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन कल दो विधेयक पारित किए गए। इनमें नगर निगमों के मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल ढाई साल से बढ़ाकर पांच साल करने वाला संशोधन विधेयक और हिमाचल प्रदेश भू संपदा विनयमन और विकास विधेयक, 2025 शामिल हैं। इन दोनों ही विधेयकों को दोबारा पारित किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इन विधेयकों को कुछ आपत्तियों के साथ पुनर्विचार के लिए वापस कर दिया था। विधानसभा में इस विषय को दोबारा रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राज्यपाल ने नियम 1 सौ 62 के तहत सदन को इस पर फिर से विचार करने को कहा है। इसके बाद शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने इन्हें दोबारा सदन में पेश किया और इन्हें फिर से बिना संशोधन मूल रूप में सदन में पास कर दिया। अब दोनों विधेयक दोबारा विचार और मंजूरी के लिए लोकभवन भेजे जाएंगे। यह विधेयक पहले शीतकालीन सत्र में पारित हुआ था, लेकिन उसे मंजूरी नहीं मिल पाई थी। आकाशवाणी शिमला से मैं रितेश कपूर।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री व उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने अंतराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान चिट्टा मुक्त अभियान के तहत सुकेती पुल पर हस्ताक्षर बैनर पर संदेश लिखकर अभियान का शुभारंभ किया और बैनर पर हस्ताक्षर कर हिमाचल को चिट्टा मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। अग्निहोत्री ने लोगों, विशेषकर युवाओं से इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

उप–मुख्यमंत्री –2

इस बीच उपमुख्यमंत्री ने मंडी में आयोजित सरस मेले का शुभारंभ भी किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कहा कि सरस मेला ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण तथा स्थानीय हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहन देने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के साथ–साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं। उन्होंने लोगों से मेले में अधिक संख्या में पहुंचकर स्थानीय उत्पादों को अपनाने की अपील की। 25 फरवरी तक आयोजित इस मेले में प्रदेश सहित कुल 14 राज्यों की सहभागिता है।

सीबीएसई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष से लागू दसवीं की नई बोर्ड परीक्षा योजना के तहत पात्रता नियमों पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। यह स्पष्टीकरण उन छात्रों और अभिभावकों के लिए जारी किया गया है, जो किसी कारणों से पहली परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने से दूसरी परीक्षा देने को लेकर जानकारी चाहते थे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में तीन या उससे अधिक विषयों में अनुपस्थित रहता है, तो वह दूसरी परीक्षा के लिए पात्र नहीं होगा।

स्मार्ट मीटर

मंडी जिले में बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभों के प्रति जागरूक करने और इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 9 से 23 फरवरी तक *"स्मार्ट मीटर पखवाड़ा"* आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशों और राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के सहयोग से चलाया जा रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता।

इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर को लेकर विश्वास बढ़ाना, भ्रांतियों को दूर करना और प्रीपेड मीटर प्रणाली की उपयोगिता को स्पष्ट करना है। इसी क्रम में विद्युत उप–मंडल सरकाघाट द्वारा 17 फरवरी को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, सरकाघाट में प्रातः 11:30 बजे एक विशेष जागरूकता बैठक आयोजित की जाएगी। सहायक अभियंता इंजीनियर राज सिंह ने बताया कि बैठक में स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, बिलिंग प्रणाली और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इससे पहले 10 फरवरी को साईगलू विद्युत उप–मंडल द्वारा कोटली में भी एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभ समझाए गए। यह योजना भारत सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं और आम जनता से बैठक में भाग लेकर अधिक जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। ।आकाशवाणी समाचारों के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं हालंकि इन दिनों प्रदेश में मौसम सुहावना बनने से अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग ने कल से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा के बजट सत्र को अपनी प्रमुख खबर बनाया है। अमर उजाला की सुर्खी है सांविधानिक संस्थाओं पर टिप्पणी पढ़ना उचित नहीं...कहकर राज्यपाल ने दो मिनट में खत्म किया अभिभाषण। दैनिक जागरण का शीर्षक है राज्यपाल शुक्ल ने नहीं पढ़ा पूरा अभिभाषण।

पंजाब केसरी की एक खबर है पशु मित्र भर्ती पर लगी अस्थायी रोक, आगामी आदेशों तक फिजिकल टैस्ट स्थगित। दैनिक भास्कर के अनुसार 25 किलो का वजन उठाकर दौड़ लगवाने पर उठे विवाद के बाद विभाग ने लिया फैसला।

मुख्यमंत्री के हवाले से हिमाचल दस्तक लिखता है आरडीजी पर अपना स्टैंड क्लीयर करे भाजपा। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है आडीजी हमारा हक है, खैरात नहीं।

<u>''अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर</u>

- इंडिया–एआई इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 नई दिल्ली के भारत मंडपम में जारी– केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज दो राष्ट्रीय पहलों की करेंगे शुरूआत।
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन–सदन में आरडीजी पर चर्चा रहेगी जारी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–प्रदेश सरकार चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री व उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने पर उठा रही विशेष कदम।
- बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए मंडी जिला में 23 फरवरी तक *"स्मार्ट मीटर पखवाड़ा"* का आयोजन।